हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 जून 2026



04 बैतूल आध्यात्मिक विरासत, जनजातीय...



07 शहर में कचरा संग्रहण की व्यवस्था का ठेका, 135...



## खबर संक्षेप

### कल प्रभावित रहेगी पेयजल आपूर्ति

**इटारसी।** नगर के पेयजल उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। जल विभाग प्रभारी सब इंजीनियर आदित्य पांडेय ने बताया कि शुक्रवार, 19 जून को धोंखेड़ा रोड स्थित अग्रवाल फार्म हाउस के पास मेहराघाट और धोंखेड़ा से आने वाली मुख्य पाइपलाइनों को अलग-अलग (पृथक) करने का कार्य किया जाएगा। इस तकनीकी कार्य के कारण 19 जून को सुबह की जलापूर्ति के बाद पेयजल सप्लाई बंद कर दी जाएगी। इसके प्रभाव स्वरूप आगामी 20 जून (शनिवार) को भी शहर में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी, क्योंकि पाइपलाइन कार्य के चलते टंकियां पूरी तरह नहीं भरा पाएंगी।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई

**नर्मदापुरम।** आगामी धार्मिक एवं सामाजिक पर्वों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम अनिल जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान शहर में शांति बनाने पर चर्चा हुई।

### तकनीकी खराबी के कारण सड़क किनारे खड़ा था ट्रक, तेज रफ्तार पिकअप जा भिड़ी

# नर्मदांचल में तीसरे दिन फिर हादसा सड़क दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**इटारसी-नर्मदापुरम रोड पर गुरुवार देर रात सड़क किनारे खड़े एक मक्का से भरे ट्रक को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई।**

नर्मदांचल एक बार फिर दुर्घटनों के कारण गमगीन हो रहा है। गत दो दिनों में पचमढ़ी के मटकुली क्षेत्र में हुई दुर्घटनाएं हुईं थी जिनमें एक घटना में 5 लोगो की मृत्यु हुई वहीं दूसरी घटना में एक व्यक्ति काल के गाल में समा गया। अभी उनका शोक खत्म भी नहीं हुआ कि इटारसी-नर्मदापुरम रोड पर गुरुवार देर रात सड़क किनारे खड़े एक मक्का से भरे ट्रक को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। बताया जाता है कि हादसा इतना तीव्र और जबरदस्त था का कि हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुघटना की जानकारी ली तथा मृतक का नाम पता किया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान इच्छावर निवासी आरिफ खान के रूप में हुई है।



### टक्कर से पलटा ट्रक, नीचें दबा ट्रक का ड्राइवर आरिफ

एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने खड़े ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भारी-भरकम ट्रक सड़क से नीचे उतर गया और चालक आरिफ खान वाहन के भीतर ही बुरी तरह दब गया। गंभीर चोटें आने के कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आरोपी पिकअप चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

### ट्रक में आई खराबी, ड्राइवर ने खड़ा किया ट्रक

आरिफ अपने ट्रक (एमपी 09 एचजी 6062) में लगभग 28 टन मक्का लादकर जा रहे थे। रास्ते में दादाजी वेयरहाउस के सामने अचानक ट्रक का वाटर पंप खराब हो गया, जिसके कारण आरिफ ने वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया था। घटना के समय ट्रक का हेल्पर पतिराम बारला शौच के लिए गया हुआ था। इसी दौरान एक पिकअप ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक सड़क किनारे खड़ा हुआ था तभी हादासा हो गया। वहीं दूसरी ओर ट्रक में काम करने वाला हेल्पर पतिराम बारला शौच के लिए गया हुआ था। जिससे वह हादसे से बच गया। पुलिस ने मृतक की पहचान कर मर्ग कायम कर लिया है तथा मृतक ड्राईवर के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। साथ ही मृतक का पोस्टमार्टम भी कराया जाएगा। दूसरी ओर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

### पुलिस तलाश में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही इटारसी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी सौरभ पाण्डे ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि फरार चालक और वाहन की पहचान की जा सके। फिलहाल अज्ञात वाहन चालक की अभी कोई शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# हत्या का खुलासा, 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार किया

### सोहागपुर में गोली मारकर ढाबा मालिक की हत्या का मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम पुलिस ने सोहागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत अजनेरी स्थित राजपूत ढाबा के संचालक की हत्या के मामले का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से वारदात में इस्तेमाल हथियार और अन्य सामग्रियां बरामद कर ली हैं।

### क्या था पूरा मामला?

17 जून 2026 को फरियादी राजू उर्फ राजकुमार पूर्विया निवासी भार्गव मोहल्ला, शोभापुर ने शोभापुर चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके 28 वर्षीय भाई सचिन पूर्विया की किसी अज्ञात व्यक्ति ने सिर में गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सोहागपुर में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### तकनीकी साक्ष्यों से दबोचा गया आरोपी

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सोहागपुर संजू चौहान के पर्यवेक्षण में सोहागपुर थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। अनुसंधान टीम ने भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया, जिसके आधार पर संदिग्ध विवेक गुर्जर उम्र 30 वर्ष, निवासी होलीपुरा, बुधनी, जिला सीहोर को हिरासत में लिया गया।

### चरित्र शंका में की थी हत्या

कड़ी पूछताछ में आरोपी विवेक गुर्जर ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने चरित्र संबंधी शंका के चलते सचिन की हत्या की योजना बनाई थी। वह सचिन को अपनी बातों में बहला-फुसलाकर ढाबा से मोटरसाइकिल पर बैठाकर पांजरा रोड ग्राम रानी पिपरिया नहर की पुलिया ले गया, जहां उसने सचिन के सिर में गोली मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल, टीवीएस मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और घटना के वक्त पहने हुए कपड़े बरामद कर लिए हैं।

### पुलिस टीम की त्वरित सफलता

इस अंधे कत्ल की गुत्थी को महज 24 घंटे में सुलझाने में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक राहुल पटेल, विवेक यादव, शहादत अली, सउनि वरूण सिंह, आरक्षक अंकुश, राममोहन, मनोहर दायमा, नंदकिशोर रजक, अफसर खान, राजकुमार, जोशवा मसीह, नरेन्द्र भदौरिया और साइबर सेल के आरक्षक संदीप व दीपेश की सराहनीय भूमिका रही।

# मां नर्मदा की पूजन कर सीएमओ देशमुख ने पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मां नर्मदा की पूजन अर्चन के बाद नवागत सीएमओ वैभव देशमुख द्वारा गुरूवार को पदभार ग्रहण किया गया। उन्होंने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव से मुलाकात की एवं नपा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

नवागत सीएमओ देशमुख ने बताया उनकी प्राथमिकता में कि मां नर्मदा की स्वच्छता पर उनका विशेष फोकस रहेगा। नगर की साफ सफाई व्यवस्था चॉक चौबंद रखने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करेंगे। साथ ही शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। नपा को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर सहायक लेखा अधिकारी देवेंद्र बघेल, उपयंत्री दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता सहित समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पॉक्सो एक्ट का फरार आरोपी चढ़ा कोतवाली पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में करीब ढाई महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में अपराधियों और फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जितेन्द्र पाठक के निर्देशन और कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह बुन्देला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को दबोचा।

बीती 7 अप्रैल 2026 को संजय नगर ग्वालटोली (नर्मदापुरम) की रहने वाली एक 16 वर्षीय नाबालिग ने आरोपी राहुल कदम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादिया का आरोप था कि आरोपी राहुल कदम पिता केशव कदम, उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्वालटोली ने उसके साथ गंदे-गंदे इशारे कर छेड़छाड़ की थी।



शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी राहुल कदम के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया था। घटना के बाद से ही आरोपी राहुल कदम अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। आखिरकार, मुखबिर की सूचना और लगातार पीछा करने के बाद कोतवाली पुलिस ने 18 जून की रात (00:05 बजे) आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को माननीय विशेष न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष पेश किया जा रहा है।

फरार आरोपी को तत्परता से गिरफ्तार करने में कोतवाली थाने के सउनि रेवाराम गायकवाड़, आरक्षक पंकेश वघेला और गजेन्द्र की विशेष और सराहनीय भूमिका रही।

### महाराणा प्रतपा जयंती मनाई गई

**नर्मदापुरम।** जिले महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई गई। शाम 6.30 बजे महाराणा प्रताप चौराहे से जिला क्षत्रिय राजपूत परिषद और सर्व राजपूत समाज संगठन के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा विभिन्न रास्तों से होते हुए फिर महाराणा प्रताप चौराहे पर पहुंची। जहा यात्रा का विश्राम हुआ।

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सुनी आमजन की समस्याएं, मौके पर किया हितलाभ का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जनपद पंचायत बनखेड़ी अंतर्गत खेल मैदान परिसर, पलिया पिपरिया में गुरुवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा की उपस्थिति में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर मिश्रा ने नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त किए तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जनकल्याण शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान शिविर स्तर पर ही सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र हितग्राही अपनी समस्या के समाधान के बिना शिविर से वापस न जाए। उन्होंने मौके पर प्राप्त शिकायतों का पंजीयन कराकर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), उद्यानिकी, पशुपालन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, महिला एवं बाल विकास, ऊर्जा तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण किया गया। कलेक्टर मिश्रा ने विभिन्न हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करते हुए पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

# ओबीसी विभाग के जिलध्यक्ष बने साकेत सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नर्मदापुरम जिला ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष पद पर कांग्रेस नेता साकेत सोनी को मनोनीत किया गया है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, अखिल भारतीय कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद यादव, जिला कांग्रेस प्रभारी संजय शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, मध्य प्रदेश प्रकोष्ठ के सह प्रभारी मोहन झलिया, जिला कांग्रेस संगठन मंत्री मधुसूदन यादव, पूर्व जिला कांग्रेस कार्यकारिणी अध्यक्ष दिलीप पालीवाल, प्रदेश ओबीसी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष पवन पटेल एवं प्रदेश ओबीसी विभाग के उपाध्यक्ष मुकेश यादव की सहमति से अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ओबीसी विभाग के प्रभारी समन्वयक रमेश मौर्य एवं अजय गजराज हेटवार द्वारा नर्मदा पुरम ओबीसी विभाग के जिला अध्यक्ष पद पर ऊर्जावान कांग्रेस नेता साकेत सोनी को मनोनीत किया गया है।

# शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नीव मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




कौशल विकास समिति ने पंडित भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में प्रतिभा का उत्सव, भविष्य की तैयारी थीम पर प्रतिभा सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों से आए 500 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत नींव है। लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में समाज और राष्ट्र का नेतृत्व करते हैं। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा, समाजसेवी अजय सैनी और राजकुमार बावरिया मौजूद रहे।

समिति के अध्यक्ष सतीश बिल्लौरे ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों का हौसला बढ़ाना और उन्हें सही करियर गाइडेंस देना है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशेष करियर सत्र में लेफ्टिनेंट अनुराग चौकसे, डॉ. अनिल तिवारी और परवेश कुरैशी ने छात्रों को उच्च शिक्षा व रोजगार के नए अवसरों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। समारोह को सफल बनाने में राकेश बावरिया, सुनील सोनी, राजेश गंधेवार, आदि का योगदान रहा।

# प्राचीन पांडुलिपियों को सहेजने की पहल, एप पर करें अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए देश भर में प्राचीन पांडुलिपियों और दस्तावेजों के डिजिटलीकरण का बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नर्मदापुरम प्रशासन ने जिले के नागरिकों से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान में सहभागी बनने की अपील की है।

नागरिकों, शिक्षाविदों, मंदिरों, आश्रमों और निजी संग्रहकर्ताओं से अपील की गई है कि उनके पास मौजूद प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों या भोजपत्रों की जानकारी 'ज्ञान भारतम्' ऐप पर अनिवार्य रूप से रजिस्टर और अपलोड करें। इस पहल के तहत देश भर की 7.5 लाख से अधिक पांडुलिपियों और 20 करोड़ ऐतिहासिक दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इन दुर्लभ पांडुलिपियों को नष्ट होने से बचाना और प्राचीन चिकित्सा, गणित, खगोल विज्ञान तथा साहित्य के ज्ञान को आने वाली पीढ़ियों एवं शोधकर्ताओं के लिए आसानी से उपलब्ध कराना।

प्रशासन ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि अक्सर कई अमूल्य पांडुलिपियां निजी संग्रहों में होने के कारण राष्ट्रीय पटल पर नहीं आ पाती हैं। इसलिए, जनभागीदारी के माध्यम से अपनी ऐतिहासिक ज्ञान-संपदा को सहेजने में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

### मुख्य अतिथि कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किया जागरुक

# प्रयास: प्राकृतिक खेती पर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न, 300 किसान कार्यशाला में शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर, बनखेड़ी में गुरुवार को प्राकृतिक खेती पर एक जिला स्तरीय कार्यशाला और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कृषि विभाग और 'आत्मा' परियोजना के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में 300 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि रासायनिक खादों का अधिक उपयोग मानव स्वास्थ्य और मिट्टी दोनों के लिए बेहद हानिकारक है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए किसानों से अपील की कि वे कम से कम अपने घरेलू उपयोग के लिए प्राकृतिक तरीके से फसलें व सब्जियां उगाना शुरू करें।



सोहागपुर की महिला कृषक पूजा पंदराम को प्राकृतिक खेती में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले का प्राकृतिक खेती एम्बेसडर घोषित किया गया। कृषि उपसंचालक डॉ. रविकांत सिंह और अन्य विशेषज्ञों ने बताया कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन लागत घटती है और मिट्टी सुरक्षित रहती है। किसानों को बायो रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) मॉडल और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन जैसी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन, भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास के पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन विशेषज्ञों द्वारा किसानों की जिज्ञासाओं के समाधान के साथ हुआ। इस दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया।

# गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस पर हुए धार्मिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिख धर्म के पांचवें गुरु, गुरु अर्जन देव का 420वां शहीदी दिवस गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा में श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवादार जसवीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि इस उपलक्ष्य में तीन दिवसीय विशेष आयोजन किए गए। आज राहगीरो को शरबत का वितरण किया गया।कार्यक्रम के तहत 18 जून गुरुवार को सुबह 9 बजे श्री सुखमणी साहिब पाठ और सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। इसके पश्चात भाई अजीत सिंह और बीबी कवलजीत कौर ने गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया। दोपहर 1:30 बजे कार्यक्रम की पूर्णाहुति के बाद गुरु का अटूट लंगर वितरित किया। कमेटी ने समस्त संगत से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### भारतीय संस्कृति और ज्ञान-विज्ञान विश्व की अमूल्य निधिः अम्बिकादत्त कुंडल

**बैतूल।** विद्या भारती मध्य क्षेत्र की योजना अनुसार विद्या भारती के वैचारिक अधिष्ठान के लोक व्यापीकरण के लिए संस्कृति बोध परियोजना के क्षेत्र संयोजक अम्बिकादत्त कुंडल एवं प्रांत संयोजक पुरुषोत्तम जोशी का प्रवास स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालापाठा में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती, ब्रह्माक्षर ह्यओमह्ल भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना प्रार्थना कर किया। इस मौके पर क्षेत्र संयोजक ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत की महान आध्यात्मिक संस्कृति, श्रेष्ठ परंपराएं, जीवन-मूल्य, महापुरुषों के आदर्श जीवन चरित्र तथा यहां का ज्ञान विज्ञान इस देश की ही नहीं विश्व की अमूल्य-निधि है। यह ज्ञान छात्र-छात्राओं तक पंहुचे इस उद्देश्य से विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान के द्वारा प्रतिवर्ष संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस हेतु संस्कृति ज्ञान परीक्षा की बोधमाला प्रकाशित की जाती है जिसमें हमारी भारत माता, हमारा भारत राष्ट्र, भारतीय संस्कृति, परिवार व्यवस्था, ज्ञान परंपरा, वैज्ञानिक परंपरा और भारत का गौरवशाली अतीत एवं भारतीय संस्कृति का विश्व संचार का विस्तृत वर्णन है। इस परीक्षा में कक्षा तीन से 12वीं तक एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं व समाजजन सम्मिलित हो सकते हैं परीक्षा उपरांत प्रत्येक छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

### आध्यात्मिक चेतना का महाकुंभ आज

**बैतूल।** श्री अग्रसेन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, बैतूल के तत्वावधान में आज 19 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल, बैतूल में देश के ख्यातिप्राप्त परम पूज्य भागवताचार्य पंडित श्याम मनावत के मुखारविंद से धर्म, संस्कृति, संस्कार एवं जीवन मूल्यों पर आधारित भव्य आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रवचन के दौरान धर्म, संस्कृति एवं भारतीय जीवन मूल्यों पर प्रेरक मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों और युवाओं के चरित्र निर्माण, माता-पिता के सम्मान, अनुशासन, नैतिकता तथा आध्यात्मिकता के माध्यम से सफलता, शांति और संतुलित जीवन के मार्ग पर विशेष संदेश प्रदान किए जाएंगे। संस्था प्रबंधन के अनुसार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में नैतिक जागरण, सांस्कृतिक चेतना और सकारात्मक चिंतन को बढ़ावा देना है। आयोजन को लेकर संस्था ने अभिभावकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित कार्यक्रम में उपस्थित होकर आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है। संस्था प्रबंधन का मानना है कि जहां संस्कार हैं, वहीं सफलता है और जहां आध्यात्मिकता है, वहीं जीवन की वास्तविक सार्थकता है। इसी संदेश के साथ यह आयोजन समाज में सकारात्मक विचारों और जीवन मूल्यों के संवर्धन का माध्यम बनेगा।

### युवा संगम के तहत रोजगार मेला आज

**बैतूल।** प्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल नेशनल अप्रेंटिसशिप रोजगार मेले का आयोजन 19 जून को प्रातः 11 से 4 बजे तक पीएम श्री जयवंती हाक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में 11 प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर बेरोजगार युवक, युवतियों का चयन शैक्षणिक योग्यता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्धमान यान्स प्राइवेट लिमिटेड मंडीदीप में मशीन ऑपरेटर के 100 पदों, सागर मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड तमोट जिला रायसेन में मशीन ऑपरेटर के 50 पद तथा आयसर सीआईआई, स्किल डेवलपमेंट पीथमपुर में ट्रेनी वर्कर के 50 पदों के लिए योग्यता 8वी, 10वीं, 12वीं, आईटीआई अनिवार्य है।

---

### आध्यात्मिक जागृति द्वारा जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन को राष्ट्रपति ने किया संबोधित

# बैतूल आध्यात्मिक विरासत, जनजातीय संस्कृति व प्राकृतिक सौंदर्य के लिए देश में प्रसिद्ध : द्रोपदी मुर्मु

**राष्ट्रपति द्वारा कलश एवं ध्वज को ब्रह्मकुमारी बहनों को प्रदान कर इस महासम्मेलन का शुभारंभ**





संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

गुरुवार को बैतूल में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि मध्यप्रदेश का बैतूल जिला अपनी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना के लिए पूरे देश में विशेष पहचान रखता है। यहां के जनजातीय समुदायों ने अपनी परंपराओं, लोकज्ञान और सांस्कृतिक मूल्यों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित रखा है। सामूहिकता, सहयोग, सरलता, ईमानदारी और आध्यात्मिकता जैसे उच्च जीवन मूल्यों का जीवंत स्वरूप बैतूल की जनजातीय संस्कृति में दिखाई देता है। वे ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा आयोजित आध्यात्मिक जागृति द्वारा जनजातीय समाज का सशक्तिकरण महासम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इस ऐतिहासिक एवं गरिमामयी आयोजन में राष्ट्रपति ने जनजातीय समाज की जीवनशैली, प्रकृति के प्रति उनकी आस्था तथा उनके आध्यात्मिक मूल्यों की विशेष सराहना की।

महासम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रपति द्वारा कलश एवं ध्वज को ब्रह्माकुमारी बहनों को प्रदान कर इस महासम्मेलन का शुभारंभ किया। महासम्मेलन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु और राज्यपाल मंगुभाई पटेल सहित अन्य अतिथियों का राजयोगिनी बीके मंजू दीदी द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केंद्रीय राज्यमंत्री डी.डी. उइके, जिले के प्रभारी तथा प्रदेश के लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे सहित अन्य विधायक, जनप्रतिनिधि एवं ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से राजयोगिनी शैलजा दीदी, राजयोगिनी मंजू दीदी, राजयोगी डॉ बीके नथमलजी सहित अन्य पदाधिकारीगण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### आध्यात्मिक जागृति जनजातीय समाज के सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम : राज्यपाल पटेल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक मूल्यों के माध्यम से समाज को उन्नत, संस्कारित एवं सम्मानपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने इस भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के भाई-बहनों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उनका प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था से वर्ष 1995 से आत्मीय जुड़ाव रहा है। संस्था द्वारा आध्यात्मिक जागरण के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने व्यक्तिगत अनुभव के आधार पर कहा कि प्रतिदिन कुछ समय ध्यान एवं मेडिटेशन के लिए निकालने से मन को शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक संतुलन प्राप्त होता है। ऐसे आध्यात्मिक अभ्यास व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और सद्भाव का संचार करते हैं तथा समाज को भी सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

### राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का जीवन संघर्ष और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण : केंद्रीय मंत्री उइके

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि ओडिशा के एक छोटे से जनजातीय गांव से निकलकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भारतीय लोकतंत्र की शक्ति, संविधान की महानता और सामाजिक समरसता की जीवंत मिसाल हैं। राष्ट्रपति जी का जीवन संघर्ष, समर्पण, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने अपनी कर्मठता, धैर्य और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बल पर न केवल सर्वोच्च संवैधानिक पद को सुशोभित किया है, अपितु देश की प्रत्येक बेटी, जनजातीय समाज और आम नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हैं।

### एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत किया रुद्राक्ष का पौधरोपण




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ₹एक वृक्ष मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत रुद्राक्ष/कल्पतरु का पौधरोपण किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ बैतूल केंद्र की प्रभारी मंजू दीदी ने राष्ट्रपति को शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति के आगमन पर 7 सदस्यीय कलाकारों द्वारा आकर्षक और मनमोहक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। राष्ट्रपति ने इस ऐतिहासिक आयोजन के सफल संचालन के लिए ब्रह्माकुमारीज़ बैतूल की प्रभारी मंजू दीदी, बीके तरुण तथा कार्यक्रम से जुड़े आयोजकों की सराहना की।

### जनजातीय महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की राष्ट्रपति ने की प्रशंसा



लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित महासम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति ने विभिन्न प्रदर्शनी एवं स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से मोटे अनाज एवं अन्य खाद्य पदार्थों से तैयार 18 प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। राष्ट्रपति ने गौशालाओं द्वारा निर्मित उत्पादों सहित अन्य स्टॉलों का भी अवलोकन किया तथा उत्पाद तैयार करने वाले समूहों और जनजातीय महिलाओं को निरंतर आगे बढ़ने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

### राष्ट्रपति के प्रथम बैतूल आगमन पर हुआ गरिमामय स्वागत



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रथम बैतूल आगमन पर हेलीपेड परिसर में उनका गरिमामय स्वागत किया गया। प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राष्ट्रपति का स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डी.डी. उइके, प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं भाजपा अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति महोदया का अभिनंदन किया। इसके अतिरिक्त घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा उइके, भैंसदेही विधायक महेंद्र सिंह चौहान, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख तथा आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर राष्ट्रपति का स्वागत किया। प्रोटोकॉल के अनुसार अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला, कलेक्टर डॉ. सौरभ सं सोनवणे तथा पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने राष्ट्रपति का स्वागत कर उनका अभिवादन किया।

### ऐतिहासिक रहा बैतूल का यह आयोजन

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के तत्वावधान में आयोजित यह महासम्मेलन न केवल आध्यात्मिक चेतना का संदेश देने वाला बना, बल्कि जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपराओं और आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्रदान करने वाला ऐतिहासिक अवसर भी सिद्ध हुआ।

## राष्ट्रपति के बैतूल प्रवास पर आने के दौरान रास्ते किए बंद, लोगों की पुलिस से हुई बहसबाजी



**बैतूल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के बैतूल प्रवास के दौरान शहर में चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। शहर के चौक चौराहों पर सुरक्षा के तहत पुलिस की कड़ी व्यवस्था थी। जगह-जगह वाहनों के साथ ही लोगों के पैदल आवागमन को रोक दिया गया था। इस दौरान कुछ लोगों की पुलिसकर्मियों से बहसबाजी भी हुई। कोठीबाजार में फूल विक्रेता को पूजा के लिए फूल देने जाना था लेकिन रास्ता बंद होने के कारण वापस लौटना पड़ा। पालकों को अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जाने के दौरान दिक्कतें हुई। हालांकि स्कूल की प्राथमिकता को देखते हुए पुलिस ने पालक और बच्चे को जाने दिया। शहर में कई जगहों पर ऐसे ही नजारे थे।

---

### संयुक्त बैठक में कार्यों की समीक्षा

# ई-विकास प्रणाली से अब सभी पात्र किसानों को मिलेगा खाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की संयुक्त बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों, कृषि योजनाओं तथा उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक आमला डॉ योगेश पंडाग्रे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खरीफ सीजन 2026 के लिए खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था, नगरीय विकास कार्यों तथा विभिन्न समूह सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों ने मेढ़ा एवं गढ़ा समूह सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को समय पर सिंचाई सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुकरु को प्रदेश के सबसे बड़े पर्यटन केंद्रों में विकसित करने की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों में आ रही बाधाओं का त्वरित निराकरण कर समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

### ई-विकास प्रणाली से बढ़ी खाद वितरण की पहुंच

बैठक में उप संचालक कृषि ने बताया कि खरीफ 2026 में ई-विकास प्रणाली (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) के माध्यम से जिले के विभिन्न श्रेणी के किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाएगा। इसके तहत वन अधिकार पट्टाधारी, पट्टा आवंटन की प्रक्रिया में शामिल किसान, चोपना क्षेत्र के विस्थापित परिवार, सिकमी किसान, धार्मिक ट्रस्ट, कृषि फार्म, कृषि विज्ञान केंद्र, विश्वविद्यालयों से जुड़े कृषक तथा मृत अथवा अक्षम किसानों के परिवार, जिनकी फार्मर आईडी अभी तक नहीं बनी है, वे भी निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विभाग ने बताया कि ऐसे सभी किसानों द्वारा ई-विकास पोर्टल पर आवेदन अपलोड किए जा चुके हैं या किए जा सकते हैं। आवेदन के अनुमोदन के लिए संबंधित किसान अपने क्षेत्र के पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी, राजस्व निरीक्षक एवं तहसीलदार से संपर्क कर आवेदन का सत्यापन एवं अनुशंसा सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें समय पर ई-टोकन जारी हो सके और वे आसानी से खाद प्राप्त कर सकें।

### किसानों के लिए महत्वपूर्ण सलाह

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि उर्वरक प्राप्त करने के लिए टोकन जनरेट करते समय यथासंभव एक ही खुदरा विक्रेता का चयन करें। नवीन व्यवस्था के अनुसार उर्वरक उठाव में 60 प्रतिशत फॉस्फेटिक उर्वरक का उठाव अनिवार्य किया गया है। इसलिए टोकन जनरेट करते समय किसान अपनी आवश्यकता एवं आर्थिक स्थिति के अनुसार उर्वरक का चयन सावधानीपूर्वक करें। विभाग ने स्पष्ट किया कि वर्तमान पोर्टल में एक बार जनरेट किए गए टोकन की मात्रा में कमी करने का प्रावधान उपलब्ध नहीं है।

### सिकल सेल जांच एवं जागरुकता शिविर आज

**बैतूल।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर 19 जून को जिला चिकित्सालय बैतूल के मातृ एवं शिशु रोग इकाई एमसीएच भवन में प्रातः 10 बजे से सिकल सेल जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, सिकल सेल मरीजों को आवश्यकतानुसार व्यायाम की समझाइश देना तथा मरीजों का फॉलोअप, परिजनों की सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं एचपीएलसी टेस्ट किया जाएगा।

### अधिकारियों की उदासीनता, सूचनाओं के अभाव में खाली रही कुर्सियां

# औपचारिकता बनकर रह गया लोक कल्याण शिविर



**बैतूल/चिचोली।** जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को शिविरों के माध्यम से एक हीं स्थान पर लाभान्वित करने के साथ हीं आमजनो कों सरकार की तमाम योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें क्षेत्र में चल रहे निर्माणाधीन कामों से अवगत करवाने की मंशा को लेकर इन दिनों सरकार ने पंचायत से लेकर जनपद पंचायत मुख्यालय तक क्रमबद्ध तरीके से लोक कल्याण शिविरों का आयोजन किया हैं, मगर कहीं ना कहीं जिम्मेदार अधिकारियो की उदासीनता और सूचनाओं के अभाव में ग्राम पंचायतों से लेकर जनपद पंचायत मुख्यालय पर आयोजित हुए लोक कल्याण शिविर मात्र औपचारिकता बनकर रह गए। शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत चिचोली में 12 से 18 जून तक ग्राम पंचायत क्लस्टर एवं जनपद स्तर पर जनकल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण, छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का पंजीयन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाना था,साथ ही सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य था। लेकिन जिले की जनपद पंचायत चिचोली परिसर में 16-17 एवं 18 जून कों आयोजित किए गए ब्लाक स्तरीय तीन दिनी जनकल्याणकारी शिविर में अधिकारियों की गैरमौजूदगी के कारण शिविर मात्र औपचारिकता बनकर रह गया। चिचोली जनपद पंचायत मुख्यालय पर आयोजित शिविर में अंतिम दिन 18 जून को भी विभिन्न समस्याओं से संबंधित नाम मात्र हीं आवेदन पंजीकृत हुए।

### अंतिम संस्कार में आने वाले लोग बूंद-बूंद पानी को तरसे

# मोक्षधाम में संकटः 1 माह से खराब पड़ा हैंडपंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नगर के एकमात्र मोक्षधाम में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। मोक्षधाम परिसर में स्थित एकमात्र हैंडपंप पिछले लगभग एक माह से खराब पड़ा है, जिससे अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग को शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक हैंडपंप को सुधारने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, लगभग 10 हजार की आबादी वाले भौंरा के एकमात्र मोक्षधाम में पानी की व्यवस्था पूरी तरह इसी हैंडपंप पर निर्भर है।

मोक्षधाम के समीप नदी स्थित है, लेकिन गर्मी के कारण नदी में जलस्तर लगभग समाप्त हो चुका है। केवल कुछ स्थानों पर रुका हुआ पानी बचा है, जो उपयोग योग्य नहीं माना जा रहा। ऐसे में पीने, स्नान और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए हैंडपंप ही एकमात्र सहारा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हैंडपंप की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि उसे लंबे समय तक चलाने के बाद भी मुश्किल से एक-दो बाल्टी पानी ही निकल पाता है। इससे अंतिम संस्कार के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं और लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।



### पाइपलाइन विस्तार की उठी मांग

लायंस क्लब भौंरा के सदस्य ओमप्रकाश कावडक़र ने मोक्षधाम तक पेयजल पाइपलाइन का विस्तार किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि वर्तमान में नगर में पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन विस्तार का कार्य कराया जा रहा है, ऐसे में मोक्षधाम को भी इस योजना से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि भविष्य में पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

### नल-जल योजना पर उठाए सवाल

कावडक़र ने नगर की नल-जल योजना के क्रियान्वयन पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि पाइपलाइन निर्धारित मानकों के अनुरूप गहराई पर नहीं डाली जा रही है तथा कई स्थानों पर एक मीटर से भी कम गहराई में पाइप बिछाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कार्य बिना समुचित मास्टर प्लान के किया जा रहा है और अनेक घरों में कनेक्शन तो दिए गए हैं, लेकिन टोटी एवं स्टैंड जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। उन्होंने फिल्टर प्लांट की क्षमता पर भी प्रश्न उठाते हुए कहा कि यदि प्लांट की क्षमता पर्याप्त नहीं थी तो योजना का हस्तांतरण (हैंडओवर) किस आधार पर किया गया। साथ ही बोरवेल की गहराई और मोटर की गुणवत्ता को लेकर भी उन्होंने आपत्ति जताई।

### करोड़ों की योजनाओं के बाद भी पानी की समस्या बरकरार...

स्थानीय लोगों का आरोप है कि करीब 1 करोड़ 69 लाख रुपये की नल-जल योजना पर खर्च होने के बावजूद नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है और कई क्षेत्रों में लोग गंदे पानी का उपयोग करने को मजबूर हैं। इसके बाद भी पीएचई विभाग द्वारा लगभग 80 लाख रुपये की लागत से पाइपलाइन विस्तार का नया कार्य कराया जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि यदि योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हुआ होता तो आज मोक्षधाम समेत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी का संकट नहीं होता।

### समाजसेवियों की मेहनत पर फिर सकता है पानी

नगर के समाजसेवी वर्षों से मोक्षधाम परिसर को विकसित करने और हरित बनाने के लिए पौधरोपण एवं अन्य सौंदर्यीकरण कार्य कर रहे हैं। लेकिन पानी की उपलब्धता नहीं होने के कारण लगाए गए पौधों के संरक्षण पर भी संकट मंडरा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि शीघ्र ही पेयजल व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो मोक्षधाम की व्यवस्थाएं और अधिक प्रभावित होंगी।

### तत्काल कार्रवाई की मांग...

ग्रामीणों व जागरूक नागरिकों ने पीएचई विभाग से मांग की है कि खराब हैंडपंप को तत्काल दुरुस्त कराया जाए तथा मोक्षधाम तक पाइपलाइन विस्तार कर स्थायी जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील अवसर पर लोगों को पानी के लिए परेशान होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है और यह स्थिति मानव संवेदनाओं को आहत करने वाली है।

### इनका कहना है-

मोक्षधाम में लगा हैंडपंप सामान्य रूप से पर्याप्त पानी देता है। यदि उसमें कोई खराबी है तो विभाग उसकी जांच कर मरम्मत कराएगा। उन्होंने कहा कि मोक्षधाम तक नल-जल योजना की पाइपलाइन विस्तार की मांग भी मिल रही है, जिस पर विभाग विचार कर रहा है।

- योगेश धुर्वे,
एसडीओ पीएचई विभाग शाहपुर

**खबर संक्षेप**

## अवैध रेत खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 2 जेसीबी जब्त

**भैरुंदा।** तहसील की ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी सहित आसपास के क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत खनन पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी की रेत खदान पर अचानक दबिश दी और मौके से अवैध खनन में लगी दो जेसीबी मशीनों को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक, पिछले कई दिनों से प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग नियमों को ताक पर रखकर नदी से अवैध रूप से रेत निकाल रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार इसकी मौखिक रूप से शिकायत की थी और बताया था कि इससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, साथ ही नदी और पर्यावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की योजना बनाई। एसडीएम सुधीर कुशवाह के निर्देशन में नायब तहसीलदार रामप्रसाद गोरले के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम में चार पटवारी भी शामिल थे। योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए टीम जैसे ही खदान पर पहुंची, वहां जेसीबी मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन जारी था। टीम ने मौके पर ही दोनों मशीनों को जब्त कर लिया और कार्रवाई शुरू कर दी। जब्त की गई जेसीबी मशीनों को थाना गोपालपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। इस दौरान पटवारी राजू अहिरवार, जितेंद्र शिकरवार, शुभम यादव और नरेन्द्र ठाकुर भी मौके पर मौजूद रहे और कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### वी-वॉइज़ कंपनी जयपुर को मिला ठेका, कंपनी देगी कचरा प्रबंधन की सीख

# शहर में कचरा संग्रहण की व्यवस्था का ठेका, 135 होगा प्रति मकान भुगतान

सोहागपुर में अब कचरा संग्रहण का कार्य कंपनी के माध्यम से किया जायेगा। शहर में वी वॉइज प्रायवेट कंपनी नगरपालिका क्षेत्र में कचरा संग्रहण का कार्य करेंगी। साथ ही एप भी लांच किया जायेगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में नगर परिषद की घर-घर से कचरा संग्रह प्रक्रिया अब ठेके पर हो गई है। जयपुर की वी-वॉइज़ प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को ठेका दिया गया है। गुरुवार से कंपनी ने शहर में काम शुरु किया है। कंपनी नागरिकों को कचरा प्रबंधन के तरीके भी सिखाएगी।

गुरुवार सुबह लगभग सात बजे वी-वॉइस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जयपुर के असिस्टेंट मैनेजर चंद्रशेखर लोखंडे तथा फील्ड एग्जीक्यूटिव विक्रम बाने नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कचरा संग्रह के लिए निर्धारित परिषद के वाहनों का पूजन किया। वाहनों को कचरा संग्रह के लिए शहर में रवाना करने के पहले सभी चालकों तथा हेल्पर को प्रक्रिया समझाई गई है। फील्ड एग्जीक्यूटिव विक्रम बाने ने बताया कि घर-घर से कचरा संग्रह का कार्य उनकी कंपनी ने ठेके पर लिया है व एक शिकायत नंबर वाहनों पर लिखा है। वाहनों के फ्रंट पर लिखे गए मोबाइल नंबर पर नागरिक कचरा संग्रह में असुविधा होने या वाहन के ना पहुंचने पर शिकायत कर सकते हैं।

### लॉन्च करेंगे सिटीजन एप- लोखंडे

हरिभूमि प्रतिनिधि से चर्चा में वी-वॉइज़ कंपनी असिस्टेंट मैनेजर चंद्रशेखर लोखंडे ने बताया कि नियमित कचरा संग्रह वाहनों के सभी वार्डों में पहुंचने की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। साथ ही कचरा संग्रहण ना होने की समस्या सामने आने पर निराकरण के लिए मोबाइल पर सिटिजन एप लांच किया जाएगा।

यह एप नागरिक अपने मोबाइल में डाउनलोड कर सकेंगे व उनके मोहल्ले या वार्ड क्षेत्र में कचरा संग्रह सही तरीके से ना होने पर एप के माध्यम से शिकायत की जा सकेगी। लोखंडे ने कहा कि सोहागपुर शहर में कचरा संग्रह की व्यवस्था को कंपनी के नियमों एवं जनसुविधा के अनुकूल बनाने में थोड़ा समय लगेगा।

अतः जन सहयोग की अपेक्षा कंपनी ने की है।

### दिए आठ कचरा वाहन

सोहागपुर नगर परिषद सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिलहाल कंपनी को कचरा संग्रह के लिए आठ वाहन दिये गए हैं। नगर परिषद ने चालक व हेल्पर सहित ये वाहन दिये हैं। गुरुवार को कंपनी को छह वाहन चालक तथा हेल्पर सहित उपलब्ध हो सके हैं। जल्द ही निकाय दो और वाहन देगी। संभावना है कि सभी वार्डों के लिये अलग-अलग वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। खास बात यह है कि वाहनों पर पहले से तय चालकों को कंपनी ने नहीं हटाया है। सभी चालक पुराने ही हैं।

### प्रति मकान का हिसाब, करीब पांच हजार घर शामिल होंगे

हरिभूमि ने मामले में सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से चर्चा की। सीएमओ शर्मा ने बताया कि नगर के प्रत्येक घर के लिए 135 रुपए का शुल्क ठेका कंपनी को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर में लगभग 5000 घर हैं। इस तरह प्रतिमाह लगभग पौने सात लाख रुपए का भुगतान ठेका कंपनी को नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। ठेके के पूर्व भी लगभग इतनी ही राशि का व्यय नप को प्रतिमाह कचरा संग्रह व्यवस्था पर करना पड़ता था।

उल्लेखनीय है कि सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को नवाचारों के लिए जाना जाता है तथा उन्होंने इस बार भी कचरा संग्रह पर प्रतिमाह व्यय होने वाली राशि के लगभग समान राशि के व्यय का ठेका कंपनी को दिया है।

### चालकों ने सौंपा आवेदन

सोहागपुर नगर परिषद के सभी चालकों ने गत दिवस सीएमओ को आवेधन सौंपा है। जिसके अनुसार सभी ड्रायवर 14-15 वर्षों से पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करते आ रहे है। वाहन ठेके पर करने से चालकों को ठेकेदार के अनुसार मानदेय भुगतान होगा। चालकों को ठेकेदार के अनुसार कार्य करने में परेशानी नहीं है, लेकिन चालकों की वरिष्ठता के रिकार्ड पूर्व अनुसार नप में दर्ज रहें तथा हाजरी नप में दर्ज हो।

आवेदन अनुसार नगरपालिका द्वारा वाहन चालकों को दी जाने वाली सीएल-ईएल, सरकारी छुटटी आदि प्रक्रिया यथावत रहे। उनका भुगतान ना काटा जाए तथा ठेका समाप्त होने पर वाहन चालक को यथा स्थान रखे जाएं।

एक वर्ष के लिये कचरा संग्रह का ठेका कंपनी को दिया है। ऑनलाइन सिस्टम का उपयोग भी होगा। नागरिक सुविधा ना मिलने पर शिकायत कर सकते हैं। इससे बहुत सुधार होगा।

**धर्मेंद्र शर्मा, सीएमओ, नगर परिषद सोहागपुर**

## पेट्रोल पंप पर डीजल खत्म होने से लगा चक्का जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अनेक किसान सारे पैट्रोल पंप पर डीजल का स्टाक नहीं है। वर्तमान में धान की फसल को लेकर लगातार किसानों को फसल लगाने के लिए डीजल की आवश्यकता है। लेकिन सभी पेट्रोल पंप पर डीजल खत्म हो गया है। पंपों पर लाइन लगी है।

बाहन सहित अन्य सभी किसानों ने टीन कोठी कुप्पा लेकर पंपों पर पहुंचे थे तो पता चला कि डीजल नहीं है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। न्यारा पंप पर डीजल खत्म होने से लगभग एक घंटे तक किसानों ने चक्का जाम किया था।

जिसके कारण लगभग मुख्य मार्ग पिपरिया बरेली हाईवे पर लगभग 2 किलों तक दोनों तरफ बांहनो की लाइन लगी हुई थी।आम नागरिक चक्का जाम के कारण भी परेशान परेशान होते रहे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान को सूचना दी गई तो दिल्ली में होने के कारण मौके पर नहीं पहुंचे। तहसीलदार वैभव बैरागी सहित अन्य सभी

पुलिस परेशानी हो रही है।कर्मियों ने पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था के सुधार कार्य किया गया डीजल पेट्रोल पंप पर गाड़ी नहीं आने से। परेशानी हो रही है। जबकि शासन द्वारा सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा है।की भरपूर डीज़ल देने कहा गया है मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी। लेकिन अभी वर्तमान में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अधिकारी कर्मचारी वर्ग का कहना है। डीजल की गाड़ी आने पर ही उपलब्ध हो सकेगा तब जाकर किसानों ने जाम को हटवाया गया।

### गायत्री परिवार सदस्यों ने किया गायत्री मंत्र का जाप

**नर्मदापुरम ।** स्थानीय गोल्डन सिलिकॉन सिटी नर्मदापुरम में महेश ठाकुर के निवास पर अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से 24 हजार गायत्री मंत्रों का जाप एवं एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर महेश ठाकुर, महेश गौर, धनपाल सिंह राजपूत, परमानंद मालवीय, श्रीमती माया ठाकुर, कुमारी श्रुति पटेल, जी.पी. पटैल, अर्जुन सिंह यादव,शिव कुमार विश्वकर्मा, रामकुमार सोनी, विनीता सोनी, श्रीमती प्रभा यादव, श्री नारायण यादव, श्रीमती सरिता ठाकुर, श्रीमती अन्नु झिंझोरे, केशव मांगरोल, श्रीमती संध्या मांगरोल, सतीश दीक्षित, एवं रामकुमार गौर सहित अनेक गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

## पिपरिया में हुआ सुब्रतों कप, संभाग की टीम बनी विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया विगत दिनों उमरिया जिले में आयोजित सुब्रतों कप राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में पिपरिया नहर के सांदीपनि विद्यालय शासकीय आर एन ए उत्कृष्ट विद्यालय की टीम नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए इंदौर को टाई ब्रेकर में 3/ 2से हराया।

### उमरिया गइ थी टीम

प्राचार्य संजीव दुबे के मार्गदर्शन में टीम मैनेजर एवं कोच के साथ जिला उमरिया खेलने के लिए टीम गयी थी। 17 बालिका में सांदीपनि विद्यालय की टीम कप्तान आकांक्षा नायर सहित अन्य सभी 16 खिलाडी ने पहला मैच शहडोल संभाग से 1-0से जीता।दूसरा इंदौर से 0-0 ड्रा खेला । तीसरे मैच में भोपाल संभाग को 1-0से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### खिलाडियों को मिली बधाईयां

इस उपलब्धि पर सभी जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त संचालक जिला अधिकारी जिला खेल अधिकारी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री लाल रघुवंशी भी आर सी प्रदीप शर्मा प्राचार्य संजीव दुबे सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को वधाई दी।

## किसानों को हो रही परेशानी, फार्मर आईडी का पोर्टल नहीं चलने से नहीं मिली डीएपी खाद

**फार्मर आईडी का पोर्टल सोमवार को 9 बजे के बाद भी रहा बंद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की सभी सेवा सहकारी समितियों में लगातार तथा अन्य प्रायवेट कंम्पयूटर सेंटर पर खाद डीएपी खाद विक्रय की दुकान पर भी ई टोकन सिस्टम से लाभान्वित नहीं हो सके किसान।

फार्मर आई डी को लेकर सूचना दी गई थी।की दिनांक 13/6/26दोपहर 12बजे से दिनांक 15/6/26 सोमवार को सुबह 8बजे तक अस्थाई रूप से उपलब्ध नहीं रहेगी। लेकिन किसानों ने सोमवार को सुबह 9बजे से ही सेंटर पर पहुंच गए। और एम पी फार्मर आई डी रजिस्ट्रेशन पोर्टल से संबंधित सेवाओं का उपयोग करने के सेवा सहकारी समिति प्रबंधक राजेन्द्र श्रीवास्तव तरौनकला में पहुंच कर दें।

### पोर्टल पर हो रही समस्या



कंम्पयूटर आपरेटर के द्वारा संबंधित मामले में कार्रवाई प्रारंभ की थी। लेकिन फिर भी पोर्टल नहीं चलाई विकास पोर्टल प्रणाली जनरेशन नहीं हो रहा है।

जबकि शासन द्वारा सुबह 7बजे से शाम 8बजे तक निर्धारित किया गया है। ई विकास पोर्टल पर खरीफ फसल वर्ष 2026/2027हेतू उर्वरक टोकन की सुविधा प्रारंभ तो गई है। लेकिन अभी भी ई विकास पोर्टल के माध्यम से सर्वर डाउन होने या अन्य किसी कारणों से तथा फार्मर आई डी रजिस्ट्रेशन नहीं होने से किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां तक कि अब राखड एन पी के सहित अन्य सभी लगभग ई पोर्टल आई डी से ही उपलब्ध हो रहे हैं।

क्रषि संसार खाद डीएपी खाद विक्रय सेंटर के संचालक जयदीप सिंह पटेल ने बताया कि शनिवार से सोमवार सुबह 8 बजे तक प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन अभी वर्तमान में भी परेशानी किसानों को उठानी पड़ रही है।

संचालक ने बताया कि वगैर ई टोकन सिस्टम से दुकानदार किसानो को खाद उपलब्ध नहीं करा सकते हैं।

## राष्ट्रपति कार्यक्रम की ड्यूटी से प्रभावित हुई तहसील व्यवस्था, नागरिक हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

बैतूल में राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की ड्यूटी लगाए जाने का असर गुरुवार को सिवनी मालवा तहसील कार्यालय में दिखाई दिया। सुबह करीब 11:30 बजे तक कई अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे, जिसके कारण अपने विभिन्न शासकीय कार्यों के लिए पहुंचे नागरिकों को परेशानी और लंबा इंतजार करना पड़ा। रनागरिकों को राजस्व संबंधी 'मामलों, आवेदन प्रस्तुत करने और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए कार्यालय पहुंचे थे।

### कार्यालय में पसरा सन्नाटा

गुरुवार सुबह तहसील कार्यालय का अधिकांश हिस्सा सामान्य दिनों की तुलना में काफी शांत दिखाई दिया। कई कक्षों में अधिकारी और कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिससे कामकाज की गति प्रभावित रही। कार्यालय पहुंचे नागरिकों को संबंधित शाखाओं में जानकारी लेने के लिए भटकना पड़ा तथा कई मामलों में उन्हें अधिकारियों के आने का इंतजार करना पड़ा।

### नागरिकों ने जताई नाराजगी

कार्यालय पहुंचे नागरिकों ने व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्यक्त की। शिकायत लेकर पहुंचे नरेंद्र राठौर ने बताया कि वे करीब एक घंटे से अधिक समय से कार्यालय में मौजूद हैं, लेकिन उन्हें संबंधित अधिकारी या कर्मचारी नहीं मिल पाए। उनका कहना था कि आमजन अपने जरूरी कार्यों के लिए समय निकालकर कार्यालय पहुंचते हैं, ऐसे में अधिकारियों की अनुपस्थिति से लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### कार्यक्रम में लगी अधिकारियों की ड्यूटी

मामले में एसडीएम विजय राय ने बताया कि बैतूल में राष्ट्र पति महोदय के प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए उनकी तथा नायब तहसीलदारों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक दायित्वों के कारण कुछ अधिकारी बाहर हैं, जबकि तहसीलदार कार्यालय में मौजूद हैं। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी कर्मचारी की अनावश्यक अनुपस्थिति की जानकारी सामने आती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वैकल्पिक व्यवस्था की उठी मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वीआईपी कार्यक्रमों और विशेष प्रशासनिक आयोजनों के दौरान भी आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

लोगों का मानना है कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ नियमित शासकीय सेवाओं का संचालन भी प्रभावित नहीं होना चाहिए, ताकि नागरिकों को अपने कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें एवं परेशान न होना पड़े।

**अब रिश्वत की शिकायत सीधे तहसीलदार कर सकेंगे नागरिक**

# तहसीलदार नितिन झोड़ की नई पहल, लगाया मोबाइल नं0

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा

तहसील कार्यालय में पारदर्शिता बढ़ाने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से तहसीलदार नितिन झोड़ ने एक नई पहल शुरू की है। उन्होंने अपने चैंबर के बाहर अपना मोबाइल नंबर प्रदर्शित कराया है, ताकि नागरिक आवश्यकता पड़ने पर सीधे उनसे संपर्क कर सकें। यह पहल नर्मदापुरम कलेक्टर के निर्देशों एवं प्रशासनिक सुधारों की सोच से प्रेरित होकर लागू की गई है।

### चैंबर के बाहर लगाया पोस्टर

तहसीलदार कार्यालय के बाहर लगाए गए सूचना पोस्टर में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि यदि किसी राजस्व प्रकरण अथवा अन्य शासकीय कार्य के संबंध में कोई कर्मचारी, बिचौलिया या अन्य व्यक्ति रिश्वत अथवा अवैध राशि की मांग करता है, तो संबंधित व्यक्ति सीधे तहसीलदार कार्यालय में पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करा सकता है।




### शिकायत मिलने पर होगी त्वरित कार्रवाई

तहसीलदार नितिन झोड़ ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी शासकीय कार्य के बदले उनसे पैसों की मांग की जाती है तो वे बिना किसी भय या संकोच के सीधे संपर्क करें तथा लिखित शिकायत प्रस्तुत करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
तहसीलदार नितिन झोड़ ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी भी शासकीय कार्य के बदले उनसे पैसों की मांग की जाती है तो वे बिना किसी भय या संकोच के सीधे संपर्क करें तथा लिखित शिकायत प्रस्तुत करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राप्त शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### अधिकारियों तक सीधी पहुंच बनाना उद्देश्य

तहसीलदार नितिन झोड़ ने बताया कि कलेक्टर महोदय द्वारा जिले के अधिकारियों को अपने चैंबरों के बाहर संपर्क नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को अधिकारियों तक सीधी और सरल पहुंच उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान बिना किसी अनावश्यक बाधा के हो सके।

### बनेगी पारदर्शी व्यवस्था

तहसीलदार ने कहा कि कई बार नागरिक अधिकारियों से सीधे संपर्क नहीं कर पाते, जिससे कुछ मामलों में बिचौलियों अथवा कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसी स्थितियों को रोकने और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

**महत्वपूर्ण कदम**

स्थानीय स्तर पर इस पहल को प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इससे नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद मजबूत होगा तथा भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में मदद मिलेगी।

अधिकारियों का आमजनो से सीधा जुडाव भी होगा । आमजन अब सीधे मोबाइल नंबर पर अपनी शिकायत का निराकरण पा सकेंगे।

### नागरिक को होगा फायदा

तहसीलदार की इस पहल की सभी क्षेत्रवासीयों ने तारीफ की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सभी अधिकारियों को ऐसा करना चाहिए।

इससे आम नागरिकों को सीधा फायदा यह होगा उन्हे कार्यालय में चक्कर नही काटने होंगें।

## गुरु अर्जनसिंह देव शहीदी दिवस पर किया शरबत का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सिख समाज के गुरु अर्जनदेव सिंह का गुरुवार को शहीदी दिवस था। इस अवसर सोहागपुर सिख समाज एवं गुरुद्वारा कमेटी सोहागपुर द्वारा मुख्य बाजार क्षेत्र में शरबत वितरण किया गया। सिख समाज के धर्मगुरु ज्ञानी सुरजीत सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह 10 बजे से शहर के मुख्य बाजार में स्टेट हाईवे के किनारे काउंटर लगाकर शरबत का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि गुरु अर्जनदेव सिंह की बढ़ती लोकप्रियता और सिख धर्म के विस्तार से मुगल बादशाह जहांगीर ईर्ष्या करता था। जिसने गुरु जी को कैदकर यातनाएं देते हुए उबलते पानी में बिठाया, गर्म तवे पर तपाया और सिर पर गर्म रेत डलवाई। असहनीय यातनाओं को गुरु जी ने ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार किया तथा बलिदान दिया। इस महान बलिदान के कारण आपको 'शहीदों के सरताज' की उपाधि से सम्मानित किया जाता है। शरबत वितरण दौरान ज्ञानी सुरजीत सिंह, पियूष खनूजा, मुकेश पुरोहित, आशीष डोनीवाल तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### टूटे पड़े बिजली तार, नहीं हो रही सुनवाई

**सोहागपुर।** ब्लॉक सोहागपुर के नवलगांव में बिजली के तार दो सप्ताह से टूटे पड़े हैं, जिनका सुधार शिकायतों के बाद भी नहीं हो पा रहा है। मामले में शिवचरण आरसे पुत्र सद्दू निवासी ग्राम नवलगांव तहसील सोहागपुर ने एसडीएम से शिकायत की है। शिकायत अनुसार गुंदरई की माता मंदिर की डीपी से आवेदक की कालोनी तक के बिजली के तार लगभग 15-20 दिन पूर्व टूट गए थे, जिनका सुधार अब तक नहीं किया गया है। तार टूटने से कालोनी में बिजली बंद है तथा मौकास्थल पर जनहानि भी हो सकती है। किसानों को अपने खेत में पानी देने में भी काफी असुविधा हो रही है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, विजय छाबडिया, आयु 50 वर्ष वल्द कृपालदास छाबडिया निवासी शास्त्रीवार्ड सोहागपुर, तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.), विधिवत शपथ लेकर निम्नलिखित कथन करता हूँ- यह कि शपथकर्ता को पूर्व मे विजय कुमार "के नाम से जाना पहचाना व संबोधित किया जाता था। शपथकर्ता ने अपना नाम बदलकर विजय छाबडिया रख लिया है तथा शपथकर्ता के परिचय पत्र . आधारकार्ड पेनकार्ड मे भी विजय छाबडिया नाम दर्ज है। यह कि भविष्य मे मुझे विजय छाबडिया नाम से जाना एवं पहचाना जावेगा एवं मेरी पत्नी का नाम पूर्व के पासपोर्ट में घर का नाम प्रीति छाबडिया त्रुटिवश दर्ज हो गया था। शपथकर्ता की पत्नी के समस्त दस्तावेजो में पत्नी का नाम शोभा छाबडिया नाम दर्ज है जो कि सही है। यह कि उपर्युक्त समस्त कथन शपथकर्ता के स्वयं के ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही हैं तथा इनमें कोई तथ्य असत्य नहीं है। यदि कोई तथ्य असत्य पाया जाता है तो शपथकर्ता विधि अनुसार उत्तरदायी होगा।शपथ पत्र - CA311333

## खबर संक्षेप

### बेटी चारु सोमानी प्रथम प्रयास में बनी चार्टर्ड अकाउंटेंट



**हरदा।** नगर की प्रतिभाशाली बेटी चारु सोमानी ने मई 2026 में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की अंतिम परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर हरदा का गौरव बढ़ाया है। विशेष उपलब्धि यह रही कि उन्होंने सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल तीनों परीक्षाएं पहली बार में ही पास कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। चारु, माहेश्वरी समाज हरदा के पूर्व अध्यक्ष एवं व्यवसायी सत्यनारायण सोमानी की पोती तथा आरती एवं योगेश सोमानी की पुत्री हैं। उल्लेखनीय है कि चारु के छोटे भाई भी वर्तमान में सीए फाइनल की तैयारी कर रहे हैं।

### हरदा में मंडी में मनेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**हरदा।** 21 जून को जिले में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ आयु के लिए योग की थीम पर आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम कृषि उपज मण्डी प्रांगण हरदा में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। जारी कार्यक्रम अनुसार सुबह 6 बजे से अतिथियों का आगमन और उनका उद्बोधन होगा। इसके बाद सुबह 6.30 बजे से कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा जाएगा। सुबह 06.45 बजे से प्रधानमंत्री का लाइव उद्बोधन होगा। इसके बाद सुबह 07 से 07.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा।

### जिले में 31 हजार 556 आवेदनों का किया निराकरण

**सीहोर।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 21 जून तक प्रदेशभर में संचालित किए जा रहे जनकल्याण अभियान के तहत सीहोर जिले में भी नागरिकों को शासन की जनहितैषी योजनाओं से जोड़ने और उनके द्वारा दिए गए आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशन में जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिक लाभान्वित हुए। 12 जून से 17 जून तक आयोजित जनकल्याण शिविरों में जिलेभर से 31 हजार 624 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 31 हजार 556 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। वहीं 68 आवेदन लंबित हैं, जिनका निराकरण भी शीघ्र किया जा रहा है। शिविरों में जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदनों पर कार्रवाई की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक सीहोर में 6267 आवेदनों में से 6257, इछावर में 4371 में से 4371, आष्टा में 4150 में से 4150, भैरूंदा में 3964 में से 3906 और बुधनी में 3830 में से 3830 आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका सीहोर के 2799, आष्टा के 1533, नगर परिषद बुधनी के 999, इछावर के 771, रेहटी के 635, भैरूंदा के 627, कोठरी के 600, जावर के 577 और शाहगंज के 501 आवेदनों का निराकरण किया गया। जनकल्याण शिविरों में नागरिकों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया गया। शिविरों के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।

### प्लास्टिक केनों में डीजल उपलब्ध कराने के आदेश

**सीहोर।** खाद्य विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में किसानों को कृषि कार्यों के लिए डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर द्वारा जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आदेशित किया गया है कि वे किसानों की सुविधा एवं कृषि कार्यों के लिए निर्धारित पहचान एवं आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर प्लास्टिक कैन में भी अधिकतम 50 लीटर डीजल उपलब्ध कराएं।

---

### हरदा के पीलियाखाल में विधिक साक्षरता शिविर लगा

# महिलाओं को अधिनियम, सालसा व नालसा की योजनाओं, स्थाई लोक अदालत की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदा द्वारा गुरूवार को हरदा के वार्ड क्रं. 35 पीलियाखाल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने महिलाओं के अधिकार, बच्चों के अधिकार, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, यौन उत्पीड़न, सालसा व नालसा की विभिन्न योजनाओं, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना 2015, नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन) योजना 2015, बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024, नालसा डॉन योजना 2025 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। शिविर में उपस्थितजनों को बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा म.प्र. में स्थायी लोक अदालत (लोक उपयोगी सेवाओं)ह्यह्य से संबंधित विवादों के निराकरण के लिये प्रदेश के सभी जिलों में स्थायी लोक अदालतों की स्थापना की गई है। स्थायी लोक अदालतें जिला न्यायालय परिसर में कार्यरत हैं। स्थायी लोक अदालतें, लोक-उपयोगी सेवायें जैसे वायु, सड़क या जल मार्ग द्वारा यात्रियों या माल के वहन के लिए यातायात सेवा, डाक, तार या टेलीफोन सेवा, किसी स्थापन द्वारा जनता को विद्युत, प्रकाश या जल का प्रदाय, सार्वजनिक मल वहन या स्वच्छता प्रणाली, अस्पताल या औषधालय सेवा, बीमा सेवा से संबंधित विवादों का संज्ञान लेगी। ह्यसेवाओंह्यह्य से तात्पर्य ऐसी किसी भी प्रकार की सेवा से है जो उसके संभावित प्रयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराई जाती है। कोई भी व्यक्ति लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित ऐसे विवाद जो न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किये गये हैं उन विवादों का निराकरण जिला न्यायालय में स्थापित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से करा सकता है। शिविर में उपस्थित लोगों की कानूनी समस्याओं को समझकर उन्हें निशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह की जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित लोगों को अपने बच्चों को उचित शिक्षा एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में लोगों को जागरुक किया गया। शिविर में महिलाएं, बच्चें तथा पैरालीगल वॉलंटियर्स ज्योति तिवारी, कंचन लोनिया उपस्थित रहे।

---

### राष्ट्रपति से विधायक मिली

## खंडवा - बुरहानपुर को हाईकोर्ट पीठ इंदौर से जोड़ने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के गुरुवार को ओंकारेश्वर प्रवास के दौरान को पंधाना विधायक छाया-गोविंद मोरे ने मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। जिसमें खंडवा एवं बुरहानपुर जिले को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर मुख्य पीठ के क्षेत्राधिकार से हटाकर इंदौर खंडपीठ से जोड़े जाने की मांग की है। उन्होंने विधानसभा में उठाए गए प्रश्न, विधानसभा सचिवालय और राज्यपाल से हुये पत्राचार एवं प्रस्तावित कार्रवाई से संबंधित दस्तावेज भी उन्हें सौंपे हैं। उन्होंने महामहिम को बताया कि उक्त जिलों के नागरिकों को लगभग 500 किलोमीटर दूर उच्च न्यायालय जबलपुर जाना पड़ता है। वहीं इंदौर खंडपीठ की दूरी काफी कम होने से न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुगम और सुलभ हो सकती है।

ज्ञातव्य है कि राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 51 के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति को उच्च न्यायालय की पीठ के क्षेत्राधिकार के निर्धारण का अधिकार है। प्रारम्भ में विधायक मोरे पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में पहुंचकर गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया।

---

### सिराली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

## विवाहित महिला 15 दिन से लापता, पति व कुशवाह समाज की पुलिस से मदद की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिले के सिराली थाना क्षेत्र से एक विवाहित महिला पिछले 15 दिन से लापता है। महिला के पति और कुशवाह समाज के सदस्यों ने सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल को ज्ञापन सौंपकर महिला की तलाश की मांग की है।

उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी अपने मायके ढोलगांव खुर्द आई थी और 30 मई से लापता है। उन्होंने अपनी पत्नी को कई बार ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। फरियादी का आरोप है कि थाने में सूचना देने के बावजूद 15 दिन बीत जाने पर भी पुलिस ने उनकी पत्नी को ढूंढने का कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने पुलिस को उस युवक का नाम भी बताया है जिस पर उन्हें सुनीता को बहला-फुसलाकर ले जाने का संदेह है, लेकिन पुलिस ने न तो युवक को पकड़ा और न ही महिला का पता लगाया। कुशवाह समाज ने पुलिस की कार्यशैली पर आक्रोश व्यक्त किया है। समाज के सदस्यों ने थाना प्रभारी को दिए ज्ञापन में कहा कि यदि पुलिस जल्द ही महिला को ढूंढकर नहीं लाती है, तो समाज एक बड़ा आंदोलन कर सकता है। इस मामले पर थाना प्रभारी सीताराम पटेल ने बताया कि महिला की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लापता महिला और जिस युवक पर उसे साथ ले जाने का संदेह है, उन दोनों के मोबाइल बंद आ रहे हैं। पटेल ने आश्वासन दिया कि लोकेशन मिलते ही महिला को बरामद कर लिया जाएगा।

---

## जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 21 को 20 को शाम तक पंजीयन करवा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला चेस एसोसिएशन हरदा द्वारा जिला स्तरीय एल.जी. बलवटे मेमोरियल चेस टूर्नामेंट का आयोजन 21 जून को एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, टिमरनी में किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। संघ अध्यक्ष आलोक जैन ने बताया कि प्रतियोगिता जूनियर (14 वर्ष से कम आयु) एवं ओपन वर्ग में आयोजित होगी। खिलाड़ियों के पंजीयन की प्रक्रिया 20 जून शाम 7 बजे तक जारी रहेगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीयन किए जा रहे हैं। संगठन सदस्य रामनिवास जाट ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में शतरंज को बढ़ावा देना तथा उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कोषाध्यक्ष सत्यम बंसल ने बताया कि सामाजिक दायित्व के तहत संस्था ने पांच कुपोषित बच्चों को गोद लेने का निर्णय लिया है। प्रतियोगिता स्थल पर इन बच्चों को आवश्यक सामग्री एवं पोषण किट वितरित की जाएगी। मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतियोगिता के दौरान पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें खिलाड़ी, अभिभावक एवं अतिथि सहभागिता करेंगे।

---

### मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया

## भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री से किसानों की समस्याओं पर चर्चा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारतीय किसान संघ, मध्य प्रदेश ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। संघ ने आगामी समर्थन मूल्य पर शत-प्रतिशत मूंग खरीदी करने और ट्रैक्टर में डीजल आपूर्ति के नियम को तत्काल हटाने की मांग की। इस संबंध में, भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर ने कृषि सचिव निशांत बरवड़े से बात की। बरवड़े ने बताया कि राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र भेजकर 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर मूंग खरीदी की अनुमति मांगी है। केंद्र से अनुमति मिलते ही इस दर पर खरीदी शुरू कर दी जाएगी।

संघ ने मूंग के पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त, खाद वितरण में ई-टोकन व्यवस्था को सरल बनाने और किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। मुलाकात के दौरान बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं से संबंधित किसानों की अन्य समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

---

## अभा क्षत्रिय महासभा द्वारा हर्षोल्लास व समारोह पूर्वक मनाई गई महाराणा प्रताप और महाराज छत्रसाल जयंती

**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर हिमांश पैलेस गार्डन चाणक्यपुरी मे महाराणा प्रताप एवं छत्रसाल जयंती हर्षोल्लास एवं समारोहपूर्वक मनाई गई। हिमांश पैलेस गार्डन चाणक्यपुरी मे आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे आई एस तोमर डीन कृषि महाविद्यालय सीहोर अतिथि के रूप में बलवीर सिंह तोमर पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस, ईश्वर सिंह चौहान, देवेन्द्र सिंह चौहान करणी सेना, शिवजी सिंह अध्यक्ष भोजपुरी समाज, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर वरिष्ठ कांग्रेस नेता, रामपाल सिंह, गुरुदेव सिंह, भंवर सिंह पाडलिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा महेन्द्र सिंह राठौड़ ने की। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाराणा प्रताप एवं महाराज छत्रसाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा अध्यक्ष ठा गणेश सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया तथा स्वागत भाषण का वाचन किया उन्होंने महासभा द्वारा समाज के हित मे किये जा रहे समाज हितेषी कार्यो का विवरण दिया। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। निबंध का विषय भोपाल संभाग मे विदेशी शासकों के विरुद्ध राजपूतो का संघर्ष रहा। प्रतियोगिता मे बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जितेन्द्र सिंह राठौड़, धीरेन्द्र सिंह राजावत, शिवशंकर सिंह, मुकेश सिंह दरबार, गोपाल सिंह ठाकुर, इन्द्रपाल सिंह गहरवार आदि मौजूद रहे।

---

### कार्यशाला, रैली व शपथ का आयोजन किया गया

## समाज और युवाओं को नशे से दूर रखने 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत सप्ताह' चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले में 17 से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समाज और युवाओं को नशे से दूर रखना है। इसी कड़ी में गुरुवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

गायत्री शक्तिपीठ भवन हरदा में नशा मुक्ति कार्यशाला, रैली और स्वैच्छिक संस्थानों द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उपसंचालक कमलेश सिंह ने बताया कि नशा मुक्ति सप्ताह के तहत विभिन्न विभागों के सहयोग से कई गतिविधियां, प्रतियोगिताएं और कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य लक्ष्य समाज और विशेषकर युवाओं को व्यसनों से मुक्त करना है।




---

## खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 2 जेसीबी जब्त

**भैरुंदा।** तहसील की ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी सहित आसपास के क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत खनन पर आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी की रेत खदान पर अचानक दबिश दी और मौके से अवैध खनन में लगी दो जेसीबी मशीनों को जब्त कर लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के मुताबिक, पिछले कई दिनों से प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग नियमों को ताक पर रखकर नदी से अवैध रूप से रेत निकाल रहे हैं। ग्रामीणों ने कई बार इसकी मौखिक रूप से शिकायत की थी और बताया था कि इससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, साथ ही नदी और पर्यावरण पर भी बुरा असर पड़ रहा है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की योजना बनाई।

एसडीएम सुधीर कुशवाह के निर्देशन में नायब तहसीलदार रामप्रसाद गोरले के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम में चार पटवारी भी शामिल थे। योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए टीम जैसे ही खदान पर पहुंची, वहां जेसीबी मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन जारी था। टीम ने मौके पर ही दोनों मशीनों को जब्त कर लिया और कार्रवाई शुरू कर दी। जब्त की गई जेसीबी मशीनों को थाना गोपालपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। इस दौरान पटवारी राजू अहिरवार, जितेंद्र शिकरवार, शुभम यादव और नरेन्द्र ठाकुर भी मौके पर मौजूद रहे और कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

### त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय प्रतीक हैं : कार्तिकेय चौहान

# पावर हाउस चौराहे पर नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

पावर हाउस चौराहे पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्तिक सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी मातृभूमि और अपने सिद्धांतों की रक्षा के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप के आदर्शों को



अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर नगर के विकास के लिए निरंतर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। नगर में सड़क, सौंदर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में नगर पालिका विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्य निश्चित रूप से प्रशंसनीय हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के रक्षक थे। उनका अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करता रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर के गौरव और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य कर रही है। महाराणा प्रताप की प्रतिमा युवाओं में राष्ट्रभक्ति, साहस और स्वाभिमान की भावना को जागृत करेगी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ महापुरुषों के सम्मान में भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

---

## स्कॉर्पियो पलटी, दो लोगों की मौत

**जावर।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर बुधवार दोपहर एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया। आष्टा के पास जावर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में कार में सवार इंदौर निवासी दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिवार के 10 अन्य सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल एक ही परिवार और रिश्तेदार बताए जा रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार सभी लोग इंदौर से भोपाल की ओर जा रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे जैसे ही उनकी स्कॉर्पियो कार जावर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर पहुंची, ड्राइवर अचानक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा। रफ्तार तेज होने के कारण कार सडक़ पर ही पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के पलटने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर दौड़े। सूचना मिलते ही जावर थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला।

हादसे में इंदौर निवासी 38 वर्षीय मयूरेश पिता संतोष गर्ग और 51 वर्षीय संगीता पति सुनील अग्रवाल की मौके पर ही सांसें थम गईं। मृतक मयूरेश गर्ग इंदौर में भाजपा से जुड़े हुए थे। जैसे ही हादसे की खबर फैली राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बेटे और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय तुरंत घटनास्थल और सोनकच्छ अस्पताल पहुंचे।